**न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी, नोहर जिला हनुमानगढ**

पीठासीन अधिकारी का नाम : **सत्यनारायण (आर0ए0एस0)**

प्रकरण संख्या – 21 / 2023

अनवान : –

1. मदनलाल पुत्र टीकुराम जाति जाट निवासी फेफाना तहसील नोहर।

–सायल

**बनाम्**

1. रामकुमार पुत्र टीकुराम जाति जाट निवासी फेफाना तहसील नोहर।
2. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार (राजस्व) नोहर।

– **असल गैरसायल**

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251 ए आरटीएक्ट**

उपस्थिति :–**श्री रविन्द्र कुमार गोदारा अधिवक्ता प्रार्थी**
**पेरोकार राज**

**निर्णय** दिनांकः 16/10/23

संक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि प्रार्थी ने जरिये अधिवक्ता यह प्रार्थना पत्र 251 ए राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के तहत इस आशय का पेश किया है कि रोही मौजा 6 जेएसएन तहसील नोहर के जमाबन्दी संवत 2075–2078 के खाता संख्या 89 / 89 के कुल खसरे 17 का कुल क्षेत्रफल 3.6541 है0 कृषि भूमि सायल के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है।

रोही मौजा 6 जेएसएन तहसील नोहर के जमाबन्दी संवत 2075–2078 के खाता संख्या 117 / 117 के कुल खसरे 25 का कुल क्षेत्रफल 4.9710 है0 भूमि गैरसायल संख्या 1 के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है।

सायल कृषि भूमि रोही मौजा 6 जेएसएन तहसील नोहर के जमाबन्दी संवत 2075–2078 के खाता संख्या 89 / 89 के कुल खसरे 17 का कुल क्षेत्रफल 3.6541 है0 कृषि भूमि में आवागमन के लिए राजस्व रिकार्ड में कोई रास्ता स्वीकृतशुदा नहीं है इसलिए सायल को भारी परेशानी हो रही है तथा भूमि की बिजाई, जुताई व फसल को लाने ले जाने में भारी परेशानी हो रही है। सायल व गैरसायल संख्या 1 की कृषि भूमि चिपती कृषि भूमि है इसलिए सायल अपने गांव फेफाना से चलकर स्वीकृतशुदा रास्ता से होते हुए गैरसायल संख्या की भूमि रोही मौजा 6 जेएसएन तहसील नोहर के जमाबन्दी संवत 2075–2078 के खाता संख्या 117 / 117 के प0 नं0 365 / 381 (65) के किला नं. 15 / 2 के मिन दक्षिण की 0.013 है0 में से होकर अपने खेत प0 नं0 365 / 381 (65) के किला नं. 11 ता 14 प्रत्येक के मिन दक्षिण की 0.013 है0 भूमि में से होकर अपने खेत के प0 नं0 364 / 381 (64) के [illegible] 15 के मिन दक्षिण की 0.013 है0 भूमि में से होकर गैरसायल के प0 नं0 364 / 381 (64) के किला नं. 13, 14 प्रत्येक के मिन दक्षिण की 0.013 है0 भूमि में से होते हुए किला नं. 18 के मिन उत्तर पश्चिम की [illegible] है0 भूमि में से

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

Signature Not Verified
Digitally signed by Satya Narayan
Date: 2023.12.26 15:05:29 IST
Reason: SelfAttested

होते हुए अपने खेत के किला नं. 19 में प्रवेश करता है और यह रास्ता सदामत से आपसी सहमति से चालु है तथा उक्त रास्ता को सायल राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने का अधिकारी है।

प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन है कि गैरसायल संख्या 1 की भूमि गैरसायल संख्या की भूमि रोही मौजा 6 जेएसएन तहसील नोहर के जमाबन्दी संवत 2075–2078 के खाता संख्या 117/117 के प0 नं0 365/381 (65) के किला नं. 15/2 के मिन दक्षिण की 0.013 है0 भूमि व गैरसायल के प0 नं0 364/381 (64) के किला नं. 13, 14 प्रत्येक के मिन दक्षिण की 0.013 है0 व किला नं. 18 के मिन उत्तर पश्चिम की 0.001 है0 भूमि तथा सायल की भूमि रोही मौजा 6 जेएसएन तहसील नोहर के जमाबन्दी संवत 2075–2078 के खाता संख्या 89/89 के प0 नं0 365/381 (65) के किला नं. 11 ता 14 प्रत्येक के मिन दक्षिण की 0.013 है0 भूमि व प0 नं0 364/381 (64) के किला नं. 15 के मिन दक्षिण की 0.013 है0 भूमि में रास्ता स्वीकृत कर राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद करने के आदेश फरमावे।

प्रार्थना पत्र पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया। सम्मन तामिल होने के बाद प्रार्थी एवं अप्रार्थी स0 1 द्वारा राजीनामा पेश किया गया की प्रार्थी का प्रार्थना पत्र मुताबिक राजीनामा स्वीकार किया जाता है तो पक्षकारान को कोई एतराज नही है। राजीनामा बाद तस्दीक शामिल मिसल किया।

बहस अधिवक्ता उभयपक्ष सुनी गई। अधिवक्ता प्रार्थी ने बहस में प्रार्थना पत्र के तथ्यों को दोहराते हुए कथन किया की प्रार्थना पत्र के संबंध में पक्षकारान द्वारा आपसी राजीनामा पेश किया जा चुका है अर्थात प्रार्थी के प्रार्थना पत्र के संबंध में कोई एतराज नही है अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमावें। अधिवक्ता अप्रार्थी ने बहस में मुताबिक राजीनामा प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार करने का निवेदन किया।

उभयपक्षों को सुना गया पत्रावली में प्रस्तुत दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत रिकार्ड के अनुसार रोही मौजा 6 जेएसएन तहसील नोहर के जमाबन्दी संवत 2075–2078 के खाता संख्या 89/89 के कुल खसरे 17 का कुल क्षेत्रफल 3.6541 है0 कृषि भूमि सायल के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है। रोही मौजा 6 जेएसएन तहसील नोहर के जमाबन्दी संवत 2075–2078 के खाता संख्या 117/117 के कुल खसरे 25 का कुल क्षेत्रफल 4.9710 है0 भूमि गैरसायल संख्या 1 के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है। गैरसायल संख्या 1 की भूमि गैरसायल संख्या की भूमि रोही मौजा 6 जेएसएन तहसील नोहर के जमाबन्दी संवत 2075–2078 के खाता संख्या 117/117 के प0 नं0 365/381 (65) के किला नं. 15/2 के मिन दक्षिण की 0.013 है0 भूमि व गैरसायल के प0 नं0 364/381 (64) के किला नं. 13, 14 प्रत्येक के मिन दक्षिण की 0.013 है0 व किला नं. 18 के मिन उत्तर पश्चिम की 0.001 है0 भूमि तथा सायल की भूमि रोही मौजा 6 जेएसएन तहसील नोहर के जमाबन्दी संवत 2075–2078 के खाता संख्या 89/89 के प0 नं0 365/381 (65) के किला नं. 11 ता 14 प्रत्येक के मिन दक्षिण की 0.013 है0 भूमि व प0 नं0 364/381 (64) के किला नं. 15 के मिन दक्षिण की 0.013 है0 भूमि में

Signature Not Verified
Digitally signed by Satya Narayan
Date: 2023.12.26 15:05:29 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

रास्ता स्वीकृत कर राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवाना चाहते है। पक्षकारान द्वारा उक्त रास्ता के संबंध में नजरिया नक्शा प्रस्तुत किया गया है जिस पर सभी पक्षकारान के हस्ताक्षर है। किसी भी खातेदार काश्तकार को उसकी खातेदारी भूमि में जाने के लिए रास्ता दिया जाना भी न्यायोचित है एवं सायल एवं गैरसायल की आपसी सहमति के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य है।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251 क आरटीएक्ट उपरोक्त विवेचानुसार स्वीकार किया जाकर तहसीलदार नोहर को आदेशित किया जाता है कि किसी सक्षम न्यायालय का स्थगन न हो तो वे रोही मौजा 6 जेएसएन तहसील नोहर के जमाबन्दी संवत 2075–2078 के खाता संख्या 117/117 के प0 नं0 365/381 (65) के किला नं. 15/2 के मिन दक्षिण की 0.013 है0 भूमि व प0 नं0 364/381 (64) के किला नं. 13, 14 प्रत्येक के मिन दक्षिण की 0.013 है0 व किला नं. 18 के मिन उत्तर पश्चिम की 0.001 है0 भूमि तथा रोही मौजा 6 जेएसएन तहसील नोहर के जमाबन्दी संवत 2075–2078 के खाता संख्या 89/89 के प0 नं0 365/381 (65) के किला नं. 11 ता 14 प्रत्येक के मिन दक्षिण की 0.013 है0 भूमि व प0 नं0 364/381 (64) के किला नं. 15 के मिन दक्षिण की 0.013 है0 भूमि में रास्ता स्वीकृत किया जाता है। इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जावें। तहसीलदार नोहर को पालना हेतु पृथक से निर्णय की प्रति प्रेषित कि जावें। पत्रावली फैसला शुमार होकर नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 16/10/23 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(सत्यनारायण R.A.S)
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
नोहर जिला हनुमानगढ़

Signature Not Verified

Digitally signed by Satya Narayan
Date: 2023.12.26 15:05:29 IST
Reason: SelfAttested